नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 अग्निवीरों को रेलवे में मिलेगा रोजगार



6 न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का मुद्दा



7 एफटीए नेटवर्क से घटेगा व्यापार जोखिम



8 भारत ने ऑस्ट्रेलिया को शूटआउट में 3-1 से हराया

## एक नजर में



### चार्टर्ड प्लेन ऑपरेटर्स के लिए नियम सख्त

**नई दिल्ली.** महीने भर के अंदर एक के बाद एक निजी चार्टर्ड विमान हादसों के बाद डीजीसीए ने सख्त रुख अपनाते हुए विमानन नियामक डीजीसीए ने गैर-निर्धारित विमान संचालकों (एनएसओपी) के लिए नियम कड़े कर दिए हैं. हालिया दुर्घटनाओं के मद्देनजर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सुरक्षा मानकों को लेकर कई नई व्यवस्थाओं की घोषणा की है और स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. अब पायलट से लेकर कंपनी संचालक तक कार्रवाई के दायरे में लाए जाएंगे. दरअसल, सोमवार को रांची से दिल्ली जा रहा एक एयर एंबुलेंस विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई.

### एसआईआर में 10वीं का प्रवेश पत्र वैध दस्तावेज

**नई दिल्ली.** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान दसवीं कक्षा या माध्यमिक की परीक्षा का प्रवेश पत्र पहचान सत्यापन के लिए पूरक दस्तावेज के तौर पर दिखाया जा सकता है, लेकिन सिर्फ तभी जब उन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण की हो. शीर्ष अदालत ने पहले के एक आदेश में आधार समेत दूसरे दस्तावेजों के साथ पहचान सत्यापन के लिए माध्यमिक प्रवेश पत्र के इस्तेमाल की इजाजत दी थी. उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उसने पहले ही इशारा कर दिया है कि प्रवेश पत्र सिर्फ एक पूरक दस्तावेज होगा, न कि धारक की पहचान सत्यापन का अकेला तरीका.

# भारत-इजराइल संबंधों को गति

## 09 साल बाद इजराइल गए प्रधानमंत्री मोदी

### प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने एयरपोर्ट पर किया रिसीव, प्रवासी भारतीयों ने किया पीएम मोदी का स्वागत

**तेल अवीव, 25 फरवरी. इजरायल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अकेले में आमने-सामने की बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने से जुड़े विषयों पर चर्चा की. पीएम मोदी ने इस मुलाकात के बाद कहा कि दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा की.**

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी, जल प्रबंधन, कृषि, प्रतिभा साझेदारी और अन्य क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग की अपार संभावनाएं हैं. बता दें कि मोदी 9 साल बाद इजराइल गए हैं। इससे पहले वे जुलाई 2017 में गए थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ उत्कृष्ट बैठक हुई. नौ वर्षों के बाद इजरायल लौटना खुशी की बात है. पीएम मोदी ने कहा कि हमने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा की. प्रौद्योगिकी, जल प्रबंधन, कृषि, प्रतिभा साझेदारी और अन्य क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग की अपार संभावनाएं हैं. साथ ही हमने क्षेत्र में महत्वपूर्ण गतिविधियों पर भी चर्चा की.



### तेल अवीव में हुई प्राइवेट बातचीत

इससे पहले इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया. इस दौरान राष्ट्रगान के साथ पीएम का स्वागत किया गया. एयरपोर्ट पर ही पीएम मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की. इसके बाद वे होटल के लिए रवाना हुए. होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने पीएम मोदी का स्वागत किया. इस दौरान कलाकारों ने परफॉर्मेंस भी दी.

### नेतन्याहू ने मोदी को ग्रेट फ्रेंड और नेता बताया

इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने संसद में अपने भाषण के दौरान मोदी को ग्रेट फ्रेंड और नेता बताया. उन्होंने कहा, पीएम मोदी इजराइल के महान दोस्त हैं, उनका इजराइल आना गर्व की बात है. पीएम मोदी का दिल की गहराई से शुक्रिया. इजराइली संसद ने स्पीकर अमीर ओहाना ने हिंदी में पीएम मोदी का नेसेट में स्वागत किया. उन्होंने कहा कि यरुशलम में आपका स्वागत है. उन्होंने कहा, आज संसद के अध्यक्ष के रूप में मुझे यह सौभाग्य प्राप्त है कि मैं भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में संसद को संबोधित करते हुए उनका स्वागत कर रहा हूं और एक बार फिर इतिहास रच रहा हूं.

# निदेशक के लिए जारी शाही फरमान पर बरसे सिंधिया

**नई दिल्ली, 25 फरवरी, नससे.भारत संचार निगम लिमिटेड के निदेशक विवेक बंजल का प्रयागराज दौरा विवादों के घेरे में आ गया है. निदेशक के स्वागत के लिए जारी किए गए शाही प्रोटोकॉल आदेश पर संज्ञान लेते हुए केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है.**

उल्लेखनीय है कि बीएसएनएल बोर्ड के निदेशक विवेक बंजल को 25-26 फरवरी को आधिकारिक दौरे पर प्रयागराज जाना था, लेकिन उनके आगमन से पहले ही स्थानीय कार्यालय द्वारा जारी एक 21-सूत्रीय आधिकारिक आदेश वायरल हुआ, जिसमें उनके सत्कार के लिए 50 अधिकारियों



व कर्मचारियों को तैनात करने का निर्देश दिया गया था.

इस आदेश में न केवल उनके संगम स्नान, नौका विहार और मंदिरों के दर्शन का विवरण था, बल्कि बेहद निजी चीजों के इंतजाम की जिम्मेदारी भी अधिकारियों को सौंपी गई थी.हालांकि विवाद के बाद विवेक बंजल का प्रयागराज दौरा रद्द कर दिया गया और संबंधित आदेश को अमान्य घोषित कर दिया गया.

उक्त मामले की जानकारी मिलते ही सिंधिया ने इसेचौंकाने वाला और अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि 21वीं सदी के नए भारत में इस तरह का सामंती व्यवहार और नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. इसके बाद निदेशक विवेक बंजल को 7 दिनों के भीतर जवाब देने के लिएकारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा आदेश जारी करने वाले दो वरिष्ठ अधिकारियों डीजीएम जोगेश्वर वर्मा और पीजीएम बृजेंद्र कुमार सिंह का तत्काल प्रभाव से सूदूर इलाकों में तबादला कर दिया गया है.

# 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर वाली किताब की बिक्री पर रोक

### चीफ जस्टिस के कड़े रुख के बाद एनसीईआरटी का फैसला

**नई दिल्ली, 25 फरवरी. भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की नाराजगी के बाद 'ज्यूडीशियल करप्शन' चैप्टर वाली एनसीईआरटी की किताब की बिक्री पर रोक लग गई है.**

चीफ जस्टिस के कड़े रुख के बाद एनसीईआरटी ने ये फैसला लिया है. इससे पहले आज इस मुद्दे पर नाराजगी जताते हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा था कि किसी को भी न्यायपालिका को



बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी. एनसीईआरटी की 8वीं क्लास की सोशल साइंस का पार्ट 2 किताब इसी हफ्ते जारी हुई थी. चीफ जस्टिस की टिप्पणी के बाद ये किताब एनसीईआरटी की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, किताबों की ऑफलाइन बिक्री भी मंगलवार 24 फरवरी से बंद कर दी गई है. हालांकि अब तक एनसीईआरटी की तरफ से इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है.

बता दें कि एनसीईआरटी ने नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क यानी एनसीएफ और एनईपी-2020 के तहत सभी कक्षाओं की नई किताबें तैयार की हैं.

## 5 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स केंद्र ने किए ब्लॉक

**नई दिल्ली.** देश में पिछले कुछ वक्त से डिजिटल वीडियो स्ट्रीमिंग लगातार बढ़ रही है, लेकिन इसी बीच सरकार ने अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट दिखाने वाले प्लेटफॉर्म्स पर बड़ा एक्शन लिया है. जी हां, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने आईटी एक्ट और डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड का उल्लंघन करने पर 5 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को ब्लॉक कर दिया है. रिपोर्ट्स के अनुसार इन प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ शिकायतें मिल रही थीं, जिस पर अब कार्रवाई करते हुए इनका एक्सेस ब्लॉक कर दिया है.

# ईडी ने अंबानी के घर को किया अटैच

- 3,716 करोड़ है कीमत
- मनी लॉन्ड्रिंग केस में कार्रवाई

**नई दिल्ली, 25 फरवरी. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई स्थित घर 'अबोड' को अटैच कर लिया है. अधिकारियों के मुताबिक, इस संपत्ति की कीमत 3716.83 करोड़ रुपये आंकी गई है.**

यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग विरोधी कानून के तहत की गई है. ईडी ने इस संबंध में अस्थायी अटैचमेंट आदेश जारी किया है. यह मामला उनकी कंपनी



रिलायंस कम्युनिकेशन से जुड़े कथित बैंक धोखाधड़ी केस से संबंधित है. ईडी ने यह कार्रवाई प्रवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की है.यह अटैचमेंट आदेश हाल ही में जारी किया गया है.

### पूछताछ के लिए पेश होंगे अनिल अंबानी

66 वर्षीय अनिल अंबानी से इस मामले में पूछताछ भी जारी है. वह जल्द ही ईडी के सामने दूसरी बार पेश होने वाले हैं. इससे पहले अगस्त 2025 में वह ईडी के सामने पेश हुए थे. उस समय उनका बयान पीएमएलए के तहत दर्ज किया गया था .फिलहाल ईड की जांच जारी है और एजेंसी इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है.

# बड़े नेता और अफसर समुदाय विशेष को टारगेट नहीं कर सकते

- सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर की डिटेल कॉपी आई सामने

**नई दिल्ली, 25 फरवरी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे नेता-अफसर किसी समुदाय को धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्र के आधार पर निशाना नहीं बना सकते. ऐसा करना संविधान के खिलाफ है. किसी भी माध्यम से समुदाय को बदनाम नहीं करने दे सकते.**

जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने आगामी नेटफ्लिक्स क्राइम थ्रिलर घूसखोर पंडत पर 19 फरवरी को सुनवाई की थी. ये टिप्पणियां जस्टिस भुइयां ने फिल्म की रिलीज को चुनौती देने वाली याचिका पर अपने अलग फैसले में कही थीं. कोर्ट के ऑर्डर की डिटेल कॉपी आने के बाद बुधवार को जानकारी सामने आई है. राज्य या गैर-राज्य अभिनेता सहित कोई भी व्यक्ति भाषण, मीम, कार्टून या दृश्य कला जैसे किसी भी माध्यम से किसी समुदाय को बदनाम या अपमानित नहीं कर सकता. बेंच ने फिल्म निर्माता नीरज पांडे के हलफनामे को रिकॉर्ड में लेकर याचिका खत्म कर दी थी. अदालत ने उम्मीद जताई थी कि विवाद अब खत्म हो जाएगा.

# माइनिंग अफसर के घर से 4 .27 करोड़ नकद बरामद

**भुवनेश्वर, 25 फरवरी. करप्शन केस में गिरफ्तार ओडिशा ऑफिसर के फ्लैट से रिकॉर्ड 4.27 करोड़ रुपये कैश जब्त किए है. अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि करप्शन केस में गिरफ्तार ओडिशा माइंस डिपार्टमेंट के एक ऑफिसर के घर में ट्रॉली बैग में भरे नोटों को बरामद किया है.**

उन्होंने बताया कि यह कैश माइंस के डिप्टी डायरेक्टर देबब्रत मोहंती के भुवनेश्वर फ्लैट पर कार्रवाई की गई, जिन्हें राज्य विजिलेंस डिपार्टमेंट ने मंगलवार रात गिरफ्तार किया था. विजिलेंस के अधिकारी ने कहा कि यह राज्य में एंटी-



करप्शन एजेंसी द्वारा जब्त की गई अब तक की सबसे ज्यादा कैश रकम है. भुवनेश्वर डिवीजन के विजिलेंस ने कहा कि अब तक 4.27 करोड़ रुपये का कैश गिना जा चुका है. उन्होंने आगे कहा, मोहंती पर 2009 में भी इसी तरह के करप्शन केस में केस दर्ज किया गया था और उनके खिलाफ मयूरभंज जिले की एक कोर्ट में अभी भी ट्रायल चल रहा है.

### एक आलीशान घर और 130 ग्राम सोना मिला

इसके अलावा, मोहंती के ऑफिस के दराज से 1.20 लाख रुपये कैश बरामद किया गया, उन्होंने बताया अब तक पता चली अन्य संपत्तियों में भुवनेश्वर में एक आलीशान दो मंजिला घर और लगभग 130 ग्राम सोना शामिल है. इसके अलावा, अधिकारियों ने बताया कि उनके नाम पर 2,400 स्केवयर फीट का एक प्लॉट है जहां दो मंजिला इमारत बन रही है.



# 12 से 20वीं सदी तक के शिलालेखों के मिले प्रमाण

- भोजशाला मामले में हाईकोर्ट इंदौर बेंच में सुनवाई
- अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी

संजय बाजपेई

**धार, 25 फरवरी. कोर्ट ने सभी याचिकाकर्ताओं और प्रतिवादियों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट पर दो हफ्ते के भीतर अपनी आपत्तियां और सुझाव देने के निर्देश दिए हैं. अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी, जहां दाखिल जवाबों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी.**

एएसआई ने हाईकोर्ट के आदेश पर 22 मार्च 2024 से करीब 100 दिन तक परिसर और उससे 50 मीटर की परिधि में जांच, सर्वे और सीमित उत्खनन किया. टीम में पुरातत्वविद्, अभिलेखविद्, रसायनविद् और अन्य विशेषज्ञ शामिल थे.

रिपोर्ट के मुताबिक, भोजशाला परिसर में 56 अरबी-फारसी शिलालेख मिले, जिनमें दुआएं, नाम और धार्मिक वाक्य हैं. वहीं, 12वीं-16वीं सदी के संस्कृत-प्राकृत शिलालेख भी मिले, जिनमें पारिजातमंजरी-नाटिका और अवनिकर्मसातम जैसे उल्लेख शामिल हैं. कुछ पत्थरों पर लिखावट मिटाकर दोबारा इस्तेमाल किए जाने के संकेत भी मिले हैं. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह स्थल अलग-अलग कालखंडों में धार्मिक, शैक्षिक और सामाजिक उपयोग में रहा. ब्रिटिश काल से लेकर अब तक इसके संरक्षण के प्रयासों का भी जिक्र है.

### अरबी-फारसी में लिखे शिलालेख मिले

रिपोर्ट में 12वीं से 20वीं सदी तक के शिलालेखों के प्रमाण मिले हैं. इनमें संस्कृत-प्राकृत के साथ नागरी लिपि के लेख और अरबी-फारसी में लिखे शिलालेख शामिल हैं. कुछ शिलालेख धार्मिक गतिविधियों का संकेत देते हैं तो कुछ शिक्षण केंद्र होने की संभावना जताते हैं.

**आयोजन** आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का शुभारंभ, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा

# 'दीदियां' प्रदेश की अर्थव्यवस्था को कर रहीं सशक्त

**भोपाल, 25 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में स्वसहायता समूहों की आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का शुभारंभ किया. कार्यशाला में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल और पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह उपस्थित थीं.**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियां एकता की शक्ति का




सजीव उदाहरण है. बहनों द्वारा एकजुटता से किए जा रहे प्रयास 'बंद मुट्ठी लाख की' के भाव को चरितार्थ करते हुए देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहे हैं. कार्यशाला में अपर मुख्य सचिव दिपाली रस्तोगी, सचिव कृषि निशांत वरवड़े, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल (एमपी सर्कल) विनोद माथुर आदि मौजूद रहे.

### सीएम ने स्टालों का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न जिलों के स्व सहायता समूहों की दीदियों द्वारा लगाए गए विभिन्न उत्पादों के स्टालों का अवलोकन कर दीदियों से चर्चा की. मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी स्थल पर ग्राम छावनी पठार के मिलेट्स कैफे पर स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ लिया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के 7 वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया.

### होली हैम्पर किया लांच

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीयों द्वारा तैयार स्पेशल होली हैम्पर को लांच किया गया. इसमें प्राकृतिक रंग, देशी घी, मिष्ठान, गोकाष्ठ, पूजन सामग्री और टीशर्ट जैसे 10 उत्पाद शामिल हैं. उज्जैन, सागर, कटनी, सीहोर, रीवा जिले की दीदीयों द्वारा तैयार होली हैम्पर पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया. मुख्यमंत्री ने समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र (सीएमटीसी) का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में प्रशिक्षण केन्द्र पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया.

# अमेरिका ने सोलर पैनल पर लगाया टैरिफ

**वाशिंगटन.** अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने भारत, इंडोनेशिया और लाओस से सौर पैनल के आयात पर प्रारंभिक प्रतिकारी शुल्क (काउंटरवेलिंग ड्यूटी) लगाने की घोषणा की है. इसका उद्देश्य इन देशों द्वारा अपने उत्पादकों को दी जाने वाली सब्सिडी की भरपाई करना बताया गया है. प्रारंभिक आयात शुल्क दरें भारत के लिए 125.87 प्रतिशत, इंडोनेशिया के लिए 104.38 प्रतिशत और लाओस के लिए 80.67 प्रतिशत निर्धारित की गई हैं. यह आयात शुल्क घरेलू सौर पैनल उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने वाले अलायंस फॉर अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड द्वारा 17 जुलाई, 2025 को दायर याचिकाओं के बाद लगाया गया है.